# AIM और WIPO के बीच आशय पत्र

स्रोत: पी.आई.बी

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में, विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) ने अटल नवाचार मिशन (AIM) के साथ एक **संयुक्त आशय पत्र (JLoI)** पर हस्ताक्षर किये। JLoI का उद्देश्य वैश्विक दक्षिण **के देशों के लिये नवाचार, उद्यमिता और बौद्धिक संपदा (IP) हेतु कार्यक्रम विकसित करना है।**

- इस साझेदारी का उद्देश्य स्कूल स्तर से बौद्धिक संपदा अधिकारों (IPR) के विषय में समझ और जागरूकता बढ़ाना, विश्व की नवाचार क्षमता को उजागर करना तथा **समावेशी एवं सतत् आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।**

## नोट:

- **भारत का नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र:** भारत ने अपनी उद्यमशीलता की यात्रा में महत्त्वपूर्ण प्रगति की है तथा अंतर्राष्ट्रीय निवेश आकर्षित करने के लिये अपने विशाल प्रतिभा पूल और गतिशील बाज़ार का लाभ उठाते हुए **नवाचार में वैश्विक अभिकर्त्ता के रूप में स्थापित हुआ है।**
    - वैश्विक नवाचार सूचकांक 2023 रिपोर्ट के अनुसार, **भारत 132 अर्थव्यवस्थाओं में से 40वें स्थान पर बना हुआ है।**

## अटल नवाचार मिशन (AIM) क्या है?

- वर्ष 2016 में शुरू किया गया अटल नवाचार मिशन (AIM) भारत सरकार की प्रमुख पहल है, जिसे देश में**नवाचार और उद्यमशीलता की संस्कृति** को बढ़ावा देने के लिये नीति आयोग द्वारा स्थापित किया गया है।
    - अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने हेतु नए कार्यक्रम और नीतियाँ विकसित करना, विभिन्न हितधारकों के लिये मंच एवं सहयोग के अवसर प्रदान करना, जागरूकता पैदा करना तथा देश के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की निगरानी हेतु एक छत्र संरचना (Umbrella Structure) निर्मित करना।
- **प्रमुख पहलें:**
    - **अटल टिंकरिंग लैब्स:** भारतीय स्कूलों में **समस्या समाधान मानसिकता विकसित करना।**
    - **अटल इनक्यूबेशन सेंटर:** विश्व स्तर पर **स्टार्टअप** को बढ़ावा देना और **इनक्यूबेटर मॉडल** में एक नया आयाम जोड़ना।
    - **अटल न्यू इंडिया चैलेंज: उत्पाद नवाचारों** को बढ़ावा देना और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों/मंत्रालयों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना।
    - **मेंटर इंडिया कैंपेन:** मिशन की सभी पहलों का समर्थन करने हेतु यह सार्वजनिक क्षेत्र, कॉरपोरेट्स और संस्थानों के सहयोग से शुरू किया गया एक **राष्ट्रीय मेंटर नेटवर्क** है।
    - **अटल कम्युनिटी इनोवेशन सेंटर:** टियर-2 और टियर-3 शहरों सहित देश के असेवित क्षेत्रों में**समुदाय केंद्रित नवाचार एवं विचारों को प्रोत्साहित करना।**
    - **लघु उद्यमों हेतु अटल अनुसंधान और नवाचार (ARISE): सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों में नवाचार एवं अनुसंधान को प्रोत्साहित करना।**

# बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR)

IP/बौद्धिक संपदा का तात्पर्य किसी व्यक्ति/कंपनी द्वारा सहमति के बिना बाह्य उपयोग या कार्यान्वयन से स्वामित्व/कानूनी रूप से संरक्षित अमूर्त संपत्तियों से है।

## IPR के लिये आवश्यक हैं

- नवप्रवर्तन को प्रोत्साहित करना।
- आर्थिक विकास।
- रचनाकारों के अधिकारों की रक्षा करना।
- व्यापार करने में सुलभता बढ़ाना।

## संबंधित कन्वेंशन/संधि (भारत ने इन सभी पर हस्ताक्षर किये हैं)

- **WIPO द्वारा प्रशासित (प्रथमतः मान्यता प्राप्त IPR के अंतर्गत):**
  - औद्योगिक संपत्ति के संरक्षण हेतु पेरिस कन्वेंशन, 1883 **(पेटेंट, औद्योगिक डिज़ाइन)।**
  - साहित्यिक और कलात्मक कार्यों के संरक्षण हेतु बर्न अभिसमय, 1886 **(कॉपीराइट)**।
- **विश्व व्यापार संगठन (WTO)- ट्रिप्स समझौता:**
  - सुरक्षा के पर्याप्त मानक सुनिश्चित करना।
  - विकासशील देशों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिये प्रोत्साहित करना।
- **बुडापेस्ट अभिसमय, 1977:**
  - पेटेंट प्रक्रिया के प्रयोजन हेतु सूक्ष्मजीवों के जमाव की अंतर्राष्ट्रीय मान्यता।
- **मराकेश VIP समझौता, 2016:**
  - दृष्टिबाधित व्यक्तियों और आँखों से दिव्यांगों (print disabilities) वाले व्यक्तियों को प्रकाशित कार्यों तक पहुँच की सुविधा प्रदान करना।
- IPR को **अनुच्छेद 27** (मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा) में भी रेखांकित किया गया है।

## भारत की पहल और IPR

- **राष्ट्रीय IPR नीति, 2016:**
  - **आदर्श वाक्य:** "क्रिएटिव इंडिया; इनोवेटिव इंडिया"।
  - ट्रिप्स समझौते के अनुरूप।
  - सभी IPR को एक मंच पर लाता है।
  - नोडल विभाग - औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन विभाग (वाणिज्य मंत्रालय)।
- राष्ट्रीय (IP) जागरूकता मिशन **(NIPAM)**
- बौद्धिक संपदा साक्षरता और जागरूकता अभियान के लिये कलाम कार्यक्रम **(KAPILA)**

**विश्व बौद्धिक संपदा दिवस: 26 अप्रैल**

| बौद्धिक संपदा | संरक्षण | भारत में कानून | अवधि |
|---|---|---|---|
| **कॉपीराइट** | विचारों की अभिव्यक्ति | कॉपीराइट अधिनियम 1957 | परिवर्तनीय |
| **पेटेंट** | आविष्कार- नवीन प्रक्रियाएँ, मशीनें आदि। | भारतीय पेटेंट अधिनियम, 1970 | सामान्यतः 20 वर्ष |
| **ट्रेडमार्क** | व्यावसायिक वस्तुओं या सेवाओं को पृथक करने के लिये चिह्न | व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 | अनिश्चित काल तक रह सकता है |
| **ट्रेड सीक्रेट** | व्यावसायिक जानकारी की गोपनीयता | पंजीकरण के बिना संरक्षित | असीमित समय |
| **भौगोलिक संकेत (GI)** | विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति पर प्रयुक्त संकेतक और उत्पत्ति स्थल के वजह से विशिष्ट गुण रखते हों | वस्तुओं का भौगोलिक उपदर्शन (रजिस्ट्रीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 | 10 वर्ष (नवीकरणीय) |
| **औद्योगिक डिज़ाइन** | किसी लेख का सजावटी या सौंदर्यपरक पहलू | डिज़ाइन अधिनियम, 2000 | 10 वर्ष |

दृष्टि The Vision
Drishti IAS

//

# संयुक्त राष्ट्र की विशेष एजेंसियाँ

UNSAs संयुक्त राष्ट्र के साथ काम करने वाले 15 स्वायत्त अंतर्राष्ट्रीय संगठन हैं

भाग IV
WIPO, WMO और IMO

## WIPO

- स्थापना- 1967 ( 1974 में संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ )
- मुख्यालय- जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड

विश्व बौद्धिक संपदा दिवस
26 अप्रैल

- कार्य-
  - » रचनात्मक गतिविधि को प्रोत्साहित करना, दुनिया भर में बौद्धिक संपदा ( IP ) के संरक्षण को बढ़ावा देना
  - » अंतर्राष्ट्रीय IP नियमों के प्रारूप को बनाए रखना
- सदस्य- 193 ( भारत 1975 में शामिल हुआ )

- WIPO संधियाँ/ अभिसमय जिन्हें भारत ने अनुसमर्थित/स्वीकार किया है -
  - » औद्योगिक संपत्ति के संरक्षण के लिये पेरिस अभिसमय
  - » विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की स्थापना हेतु अभिसमय
  - » साहित्यिक और कलात्मक कार्यों के संरक्षण हेतु बर्न अभिसमय
  - » पेटेंट सहयोग संधि
  - » एकीकृत सर्किट के संबंध में बौद्धिक संपदा पर संधि
  - » ओलंपिक प्रतीक के संरक्षण पर नैरोबी संधि
- प्रकाशन- ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स

## WMO

- स्थापना- 1873 ( अंतर्राष्ट्रीय मौसम विज्ञान संगठन से उत्पत्ति हुई- वियना अंतर्राष्ट्रीय मौसम विज्ञान कांग्रेस )
  - » WMO अभिसमय 1950 द्वारा UNSA बन गया

WMO मौसम विज्ञान, परिचालन जल विज्ञान और भूभौतिकीय विज्ञान के लिये UNSA है

- मुख्यालय - जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड

- कार्य-
  - » सदस्य राज्यों में राष्ट्रीय मौसम विज्ञान/जल विज्ञान सेवाओं से संबंधित गतिविधियों का समन्वय करना
  - » टिड्डियों के झुंड, प्रदूषकों के वाहकों ( परमाणु, विषाक्त पदार्थ, ज्वालामुखीय राख ) से संबंधित भविष्यवाणियाँ
- सदस्य- 193 ( भारत सहित )

विश्व मौसम विज्ञान दिवस - 23 मार्च

## IMO

- स्थापना . - 1948 ( जिनेवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन पर अभिसमय )
- मुख्यालय - लंदन, यूनाइटेड किंगडम
- कार्य -
  - » अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग संबंधी सुरक्षा में सुधार।
  - » जहाज़ों से होने वाले प्रदूषण को रोकना।
  - » कानूनी मामलों में भी शामिल ( देयता, मुआवज़े संबंधी मुद्दे )

- सदस्य राज्य- 174 ( भारत 1959 में शामिल हुआ )
- महत्वपूर्ण संधियाँ जिन्हें भारत ने अनुसमर्थित किया है:
  - » MARPOL ( 1973 ) और इसके प्रोटोकॉल
  - » समुद्र में जीवन की सुरक्षा के लिये अंतर्राष्ट्रीय अभिसमय ( SOLAS, 1974 )

IMO ने भारत को उन 10 राज्यों में सूचीबद्ध किया है, जिनकी अंतर्राष्ट्रीय समुद्री व्यापार में सबसे अधिक रुचि है।

दृष्टि The Vision | Drishti IAS

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न (PYQ)

**प्रश्न. अटल नवप्रवर्तन (इनोवेशन) मशिन कसिके अधीन स्थापति कयिा गया है? (2019)**

(a) वज्ञिान और प्रौद्योगकिी वभिाग
(b) श्रम और रोज़गार मंत्रालय
(c) नीत(NITI) आयोग
(d) कौशल वकिास और उद्यमति मंत्रालय

**उत्तर: (c)**

---

**प्रश्न. 'राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार नीति' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2017)**

1. यह दोहा विकास एजेंडा और ट्रिप्स समझौते के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराता है।
2. औद्योगिक नीति और संवर्द्धन विभाग भारत में बौद्धिक संपदा अधिकारों को विनियमित करने के लिये नोडल एजेंसी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/letter-of-intent-between-aim-and-wipo